तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

12 बिरमपुर कांड पर भाजपा नेता मांगें माफी : उपाध्याय




10 नए जिला अध्यक्ष से सीईसी करेगी सीधे संवाद ...





## खबर संक्षेप

### नशे के लिए पैसा नहीं दिया तो बस कंडेक्टर से मारपीट

**भिलाई।** सिटी कोतवाली दुर्ग के अंतर्गत लुचकीपारा निवासी साहब खान से मोहल्ले के एक युवक आदिल खान ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। आरोपी ने नशे के लिए पैसा मांगा, नहीं देने पर पहले गाली गलौच की। इसके बाद मारपीट कर दी। मामले में कोतवाली पुलिस ने आदिल खान के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। साहब खान पेश से बस कंडेक्टर है। वह गुजराती धर्मशाला के पास लुचकीपारा में बैठा हुआ था, तभी आरोपी वहां आया और घटना को अंजाम दिया। बहरहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आठ लाख वसूले

**भिलाई।** युवती से अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर 8 लाख रुपए वसूलने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी ने युवती के भाई की पूरी बीमा राशि ले ली। इसके बाद भी बॉयफ्रेंड उससे पैसों की डिमांड करने लगा और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। मामला भिलाई-03 थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपी उमाशंकर भारती निवासी ग्राम उमदा के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। दीक्षा सिलाई-कढ़ाई का काम करती हैं। उसने बताया कि बॉयफ्रेंड ने एआई के जरिए अश्लील वीडियो बनाने और वायरल करने की धमकी देकर पैसे ले लिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरवरी 2021 को दीक्षा की जान-पहचान उमाशंकर से हुई। बातचीत का सिलसिला बढ़ा और दोनों में नजदीकियां बढ़ने लगी। इसी बीच 25 मई 2024 को दीक्षा के भाई यशवंत कोसरे की मौत हो गई। भाई के नाम पर करीब 8 लाख की बीमा राशि दीक्षा को मिली। जिसकी भनक लगते ही बॉयफ्रेंड उसे ब्लैकमेल करने लगा।

### फर्जी नियुक्ति पत्र देकर 22 लाख की ठगी

**भिलाई।** नौकरी लगाने का झांसा देकर आठ पीड़ितों से 22 लाख रुपए का ठगी करने के मामले में पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि महमरा दुर्ग निवासी दीपेश कुमार निषाद के गांव में रहने वाला मनोज साहू ने दोस्त मुकेश वर्मा और उसका भांजा रजत वर्मा के साथ मिलकर खाद निरीक्षक के नौकरी लगाने के लिए चार लाख रुपए का डिमांड किया। जिसमें 2 लाख नगदी और ऑनलाइन से आरोपियों को मिला। आरोपियों ने फर्जी नियुक्ति आदेश को व्हाट्सएप पर भेज दिया। जबकि किसी का भी नौकरी नहीं लगने पर आरोपियों ने रुपए तक नहीं लौटाए। परेशान होकर शिकायत पुलिस में किया गया। पुलिस ने जब आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरु किया। तब स्वीकार किया कि लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर रकम वसूल कर ठगी किया गया।

# थमा रजिस्ट्री पोस्ट का सफर, अब केवल स्पीड पोस्ट है विकल्प, बढ़ीं दरें

## डाक विभाग ने ऐतिहासिक और दशकों पुरानी सेवा को किया समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

भारतीय डाक विभाग ने एक ऐतिहासिक और दशकों पुरानी सेवा को समाप्त करते हुए पारंपरिक रजिस्टर्ड पोस्ट (पंजीकृत डाक) सेवा को पूरी तरह से बंद कर दिया है। 171 साल से अधिक समय तक कानूनी नोटिस, सरकारी दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण कागजात भेजने का एक विश्वसनीय माध्यम रही यह सेवा अब केवल यादों में सिमट गई है। जिले के सभी डाकघरों में भी यह नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। हालांकि सितंबर माह से यह बंद करने की प्रक्रिया कर दी गई थी। इस पर हरिभूमि ने 28 अगस्त के अंक में प्रकाशित किया था। बहरहाल अब ग्राहकों को अपने सभी पंजीकृत डाक और पार्सल भेजने के लिए एकमात्र विकल्प स्पीड पोस्ट का इस्तेमाल करना होगा, जिसके शुल्क में भी वृद्धि की गई है, लेकिन साथ ही सेवा को अधिक सुरक्षित और आधुनिक बनाया गया है। डाक विभाग द्वारा लिया गया यह फैसला देश भर के साथ-साथ जिले के आम नागरिक, व्यापारी वर्ग और सरकारी विभागों को सीधे प्रभावित करेगा। रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा को अब स्पीड पोस्ट में समाहित कर दिया गया है। विभाग का मानना है कि डिजिटल युग की जरूरतों को देखते हुए डाक सेवाओं को अधिक तेज, सुरक्षित और ट्रैक करने योग्य बनाना आवश्यक हो गया था। रजिस्टर्ड पोस्ट की कम दरें विभाग के लिए घाटे का कारण बन रही थीं, जबकि ग्राहकों को स्पीड पोस्ट की तुलना में यह धीमी गति से मिलती थी।

### सुरक्षा और सुविधा में सुधार

जहां एक ओर दरों में वृद्धि हुई है, वहीं डाक विभाग ने स्पीड पोस्ट सेवा को उन्नत बनाने के लिए कई नई सुविधाएँ भी जोड़ी है, जिनका लाभ अब जिले के कग्राहक उठा सकेंगे। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है वन टाइम पासवर्ड आधारित डिलीवरी। अब महत्वपूर्ण दस्तावेज और पार्सल तभी प्राप्तकर्ता को सौंपे जाएंगे, जब वह अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी डाकिया को बताएगा। इससे सामान गलत हाथों में जाने की संभावना पूरी तरह खत्म हो जाएगी और विश्वसनीयता बढ़ेगी। रियल टाइम रियल टाइम ट्रैकिंग, एसएमएस अलर्ट और ऑनलाइन बुकिंग जैसी सुविधाएँ भी स्पीड पोस्ट को एक आधुनिक कूरियर सेवा के समकक्ष खड़ा करती हैं।


एक सितंबर से रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा के युग का होगा अंत

आधुनिकीकरण के तौर में अब स्पीड पोस्ट सेवा का हो रहा उपयोग

कानूनी नोटिस में होगी दिक्कत

कब हो रहा था इस्तेमाल

### बढ़ती दरों का बोझ, ग्राहकों पर असर

रजिस्टर्ड पोस्ट के बंद होने और उसे स्पीड पोस्ट में विलय किए जाने के कारण अब डाक भेजने की लागत बढ़ गई है। डाक विभाग ने 1 अक्टूबर से स्पीड पोस्ट की संशोधित दरें लागू कर दी है. जिससे ग्राहकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। स्पीड पोस्ट की नई दरें वजन और दूरी के अनुसार निर्धारित की गई हैं। 50 ग्राम तक के लिए, शुल्क सभी दूरियों के लिए 47 रुपए है। जैसे-जैसे वजन 51-500 ग्राम और दूरी 200 किमी से अधिक बढ़ती है, शुल्क भी बढ़ता जाता है। अधिकतम वजन 251-500 ग्राम और सबसे लंबी दूरी 2000 किमी से अधिक के लिए अधिकतम शुल्क 93 रुपए है।

## आगजनी : अग्नि दुर्घटना में फैक्ट्री में रखे पाइप, निर्माण सामग्री और मशीनें जलकर राख हो गई

# ओड़िया की पाइप फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दो करोड़ के नुकसान की आशंका





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिला मुख्यालय से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम ओड़िया की एक पाइप फैक्ट्री में रविवार सुबह लगभग 9:30 बजे भीषण आग लग गई।

इस अग्नि दुर्घटना में फैक्ट्री में रखे पाइप, निर्माण सामग्री और मशीनें जलकर राख हो गईं। फैक्ट्री संचालक द्वारा तकरीबन दो करोड़ रुपये के नुकसान की संभावना जताई जा रही है। आग इतनी तेज़ी से फैली कि लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही धुएं के ऊंचे गुब्बार दूर-दूर तक आसमान में नज़र आने लगे। प्लास्टिक सामग्री होने के कारण आग ने तुरंत विकराल रूप ले लिया। अच्छी बात यह रही कि रविवार होने के कारण फैक्ट्री में निर्माण कार्य बंद था, हालांकि कुछ मजदूर काम में लगे हुए थे। आगजनी के बाद वे दूसरे रास्ते से सुरक्षित निकलने में सफल रहे, जिसके चलते किसी तरह की कोई जनहानि की खबर नहीं है।

### आगजनी के बाद अफरा-तफरी

आगजनी की घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। फैक्ट्री में पूरी तरह प्लास्टिक सामग्री होने के चलते आग बड़ी तेजी से फैली। स्थानीय स्तर पर आग बुझाने की समुचित व्यवस्था न होने के कारण आग को समय पर काबू नहीं किया जा सका। घटना के बाद बेमेतरा से फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, साथ ही कवर्धा से भी फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। तब कहीं जाकर आग पर नियंत्रण पाया गया, लेकिन तब तक फैक्ट्री का काफी कुछ सामान जलकर राख हो चुका था।

### शॉर्ट सर्किट से आग की आशंका, मामला दर्ज

फैक्ट्री संचालक सुमन यादव द्वारा घटना की रिपोर्ट चौकी खड़सरा में दर्ज कराई गई है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट होने का अनुमान लगाया जा रहा है। चौकी खड़सरा में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जाँच जारी है। फैक्ट्री संचालक सुमन कुमार यादव ने बताया कि वह इस स्थान पर 2015 से फैक्ट्री का संचालन कर रहे थे, जबकि उनकी दूसरी फैक्ट्री इसी साल अप्रैल महीने से शुरू हुई थी। दोनों फैक्ट्रियां एक-दूसरे से सटी होने के कारण आग दोनों ही इकाइयों में फैल गई, जिससे बड़ी तादाद में रॉ मटेरियल्स और तैयार पाइप जलकर राख हो गए। पुलिस जवानों को सुरक्षा के लिहाज से फैक्ट्री स्थल पर तैनात कर दिया गया है और सावधानी बरती जा रही है, क्योंकि आग के अवशेष अभी भी मौजूद हैं।

## सरपंच पर आरोप

# महिला का मकान हड़पने और बेदखल करने की धमकी

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नारायणपुर

जिले के ग्राम नारायणपुर की एक विधवा महिला ने ग्राम पंचायत के सरपंच बिसाहू साहू सहित अन्य लोगों पर उनकी चाची का मकान हड़पने और उन्हें जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस गंभीर मामले की शिकायत राज्य महिला आयोग और डीजीपी छत्तीसगढ़ से की है। पीड़ित महिला सरिता शर्मा ने बताया कि उनकी चाची, स्वर्गीय लक्ष्मी चौबे जो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थीं, की बीमारी के इलाज पर उन्होंने करीब 4 से 5 लाख रुपये खर्च किए थे।

1 सितंबर 2022 को चाची का निधन हो गया। सरिता शर्मा ने बताया कि चाची की मृत्यु के बाद वह उनके मकान में शांतिपूर्वक रह रही थीं और उन्होंने हिंदू रीति-रिवाजों से उनके कर्मकांड संपन्न कराए थे। महिला का आरोप है कि अब गांव के सरपंच बिसाहू साहू, सुनील साहू, कमलेश साहू, और मुकेश विश्वकर्मा उन पर मकान खाली करने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता के अनुसार, सरपंच ने उन्हें धमकी दी कि अगर मकान नहीं छोड़ा तो तुम्हारा सामान फेंक देंगे और पंचायत इस मकान पर कब्जा कर लेगी। इस धमकी के बाद उन्हें न केवल मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, बल्कि एक असहाय महिला की संपत्ति हड़पने का प्रयास भी किया जा रहा है।

### चरित्र हनन और नारी सम्मान पर हमला

सरिता शर्मा ने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में सरपंच और उसके समर्थक उनके चरित्र हनन की भी कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने इसे नारी सम्मान और जीवन की गरिमा पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि पंचायत के लोग उनकी असहाय स्थिति का फायदा उठाकर उन्हें घर से बेदखल करना चाहते हैं।

### महिला आयोग और डीजीपी से न्याय की गुहार

पीड़िता ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को पत्र भेजकर पूरी घटना की विस्तृत जानकारी दी है और न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वह राज्यपाल और राष्ट्रीय महिला आयोग तक शिकायत ले जाएंगी। ग्रामीणों के अनुसार, विवादित मकान स्वर्गीय लक्ष्मी चौबे के नाम पर था और उनकी मृत्यु के बाद सरिता शर्मा वहीं निवास कर रही हैं। इस मामले पर सरपंच पक्ष से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

# ग्राम खाती में रामलीला का मंचन कर रावण के पुतले का किया दहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ थान खम्हरिया

समीप ग्राम खाती में दशहरा पर्व पर रामलीला का आयोजन किया गया। विगत 50 वर्षों से ग्राम के ही स्थानीय लोगों के द्वारा पूर्वजों से जो सीख मिली, मार्गदर्शन मिला उसको आज तक गांव वाले निभा रहे हैं। दशहरा के दिन रामलीला का मंचन किया जाता है। बहुत ही सुंदर वेशभूषा प्रसंग के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। जिसे दर्शक देखकर भाव विभोर हो गए। जय श्री राम, माता सीता की जय, वीर हनुमान की जयकारो से वातावरण को और भी पवित्र बना दिया।

कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय सभी को धर्म की विजय का उत्सव मनाने पर मजबूर कर दिया।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, श्री राम सेवा सत्संग मन समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर वर्मा, रामावतार कश्यप उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए, जोशी जी ने कहा श्री राम का राज्याभिषेक केवल एक राज्याभिषेक का मंचन नहीं है। बल्कि धर्म न्याय और आदर्श शासन की स्थापना का प्रतीक है। राम राज्य का अर्थ है। एक ऐसा स्थान जहां लोग भय और पीड़ा से मुक्त हो। जहां हर व्यक्ति समान और सुखी हो, जहां शासन, नैतिकता, करुणा और सत्य पर आधारित हो। पश्चात अनिल सिंघानिया ने इस अवसर पर कहा, ग्राम खाती में आयोजित रामलीला देखकर मन प्रफुल्लित हो गया। रामलीला एक मंचन नहीं, बल्कि आस्था, कला और संस्कृति का एक जीवंत अनुभव थी। जिसे लोग हमेशा याद रखेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन गिरधर साहू ने किया। रामायण की प्रस्तुति दुखित राम साहू ने किया। इस मौके पर रामकुमार साहू, परदेसी राम सेन, गोपाल शर्मा, संतोष साहू, डोमेन्द्र शर्मा, नारद सिंह चौहान, पंकज साहू, राजेंद्र यादव, गणेश साहू, लालाराम सेन, अशोक मिर्जा, अंचल के ग्रामवासी उपस्थित थे।


## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

**NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549**

**एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित**

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**

.............................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..............................
2. पिता/पति का नाम ..............................
3. जन्मतिथि अंकों में ..............................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..............................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..............................
   मोबाइल नंबर ..............................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..............................
7. शैक्षणिक योग्यता ..............................

Skill India कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।


## कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली, टीबी उन्मूलन पर दिया विशेष जोर

# संवेदनशीलता से करें मरीजों का उपचार: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने गत दिवस स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर जोर दिया और नागरिकों की समुचित स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कलेक्टर ने बेहद गंभीरता से कहा कि सभी चिकित्सक संवेदनशीलता का परिचय दें और मानवीय संवेदना के साथ सहृदयता से मरीजों का उपचार करें।

उन्होंने निर्देश दिया कि चिकित्सकों को मरीजों की समस्याओं को सहानुभूतिपूर्वक सुनकर उपचार करना चाहिए और हमेशा सजग व नम्र व्यवहार रखना चाहिए। उन्होंने सभी चिकित्सालयों को नियत समय पर संचालित करने को सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। कलेक्टर श्री शर्मा ने टीबी (क्षय रोग) जैसी घातक बीमारी को जड़ से खत्म करने और जिले में संपूर्ण उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान में जनसहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा कुष्ठ और टीबी के उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने निम्नलिखित निर्देशों पर विशेष ध्यान देने को कहा जिले के विभिन्न वर्गों और समूहों को अभियान से जोड़कर निक्षय मित्र बनने की अपील की। एनटीईपी (राष्ट्रीय ट्यूबरक्लोसिस उन्मूलन कार्यक्रम) के तहत निक्षय मित्र और पोषण किट वितरण पर ध्यान दें। टीबी से पीड़ित लोगों के घर के सभी सदस्यों की एहतियातन जांच करने और सभी संभावित मरीजों की एक्स-रे द्वारा जांच अवश्य कराने के निर्देश दिए।



### मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर फोकस

कलेक्टर ने मातृ स्वास्थ्य पर जोर देते हुए शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पहले ट्राइमेस्टर से पंजीयन सुनिश्चित करने और सभी चार एएनसी जांच नियत समय पर करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र-वार समीक्षा करते हुए संस्थागत प्रसव की जानकारी ली और उच्च जोखिम वाले प्रसवों को छोड़कर सभी प्रसवों को संस्थागत रूप से कराने के निर्देश दिए। 24 घंटे प्रसव सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सभी आरएचओ एवं सीएचओ को केंद्र के समीप निवास करने निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण और सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने को भी कहा।

**कमजोर प्रदर्शन पर सुधार के निर्देश:** बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तार पूर्वक चर्चा की और कमजोर प्रदर्शन करने वाले केंद्रों के प्रभारियों ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### पंचायतों में शुरू हुई ग्राम सभा, डिजिटल क्रॉप सर्वे व गिरदावरी होगी तैयार

**दुर्ग।** दुर्ग जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर से विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन शुरू हो गया है। यह 14 अक्टूबर तक चलेगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली इन सभाओं में किसानों को डिजिटल क्रॉप सर्वे और गिरदावरी से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही गिरदावरी का वाचन और दावा-आपत्ति प्रक्रिया शुरू हो गई। विशेष ग्राम सभाओं में किसानों के पंजीकृत धान के रकबे का पठन किया जाएगा। इसके साथ ही सूचना पंचायत भवन पर चस्पा की जाएगी। एग्रीस्टेक पंजीयन और जमीनों के फॉर्म आईडी से संबंधित विवरण भी सार्वजनिक किए जाएंगे। यदि किसी किसान को आपत्ति होगी, तो उसकी जानकारी ऐप या भौतिक सत्यापन के माध्यम से अपडेट की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि इस पहल से किसानों को अपनी फसल के रकबे की सटीक जानकारी समय पर मिलेगी।

### रजत जयंती के अवसर पर विशेष सप्ताह 12 तक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर कौशल विकास विभाग द्वारा विशेष सप्ताह निर्धारित करते हुए 6 से 12 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। उपसंचालक रोजगार एवं प्रभारी अधिकारी जिला कौशल विकास प्राधिकरण दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार 7 अक्टूबर को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में अपरान्ह 2 बजे से उद्यमिता एवं लोन के संबंध में कार्यशाला एवं उद्योगों के विशेषज्ञों द्वारा कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करने के लिए व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कौशल विकास योजनांतर्गत प्रशिक्षित युवाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वरोजगार हेतु उपलब्ध ऋण सुविधा से अवगत कराया जायेगा। साथ ही इच्छुक युवाओं से आवेदन प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए 14 से 45 वर्ष आयु के युवाओं को उक्त तिथि में निर्धारित समयानुसार आयोजन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर सकते हैं।

# मंत्री गजेन्द्र पहुंचे इंदिरा मार्केट, जीएसटी रिफॉर्म को लेकर व्यापारियों से लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इंदिरा मार्केट में स्थानीय व्यापारियों से सौहार्दपूर्ण चर्चा करते हुए जीएसटी रिफार्म जीएसटी 2.0 के प्रभाव और लाभों पर विस्तार से विचार-विमर्श करने स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव दुर्ग के इंदिरा मार्केट पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए जीएसटी सुधार व्यापार जगत के लिए महत्वपूर्ण और दूरगामी साबित होंगे।

स्थानीय व्यापारियों के साथ मार्केट में व्यापारियों से चर्चा के दौरान मंत्री श्री यादव ने यह साझा किया कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं एवं छोटे व्यावसायिक उत्पादों पर कर दरों में कमी से आम उपभोक्ताओं को सीधी राहत मिलेगी। इसके साथ ही बाजार में मांग में वृद्धि होने से व्यापार को भी गति मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होगा।

इंदिरा मार्केट में दुकानदारों से सौहार्दपूर्ण भेंट कर उन्हें गुलाब भेंट स्वरूप प्रदान किए गए तथा जीएसटी दर निर्धारण से संबंधित पोस्टर अपने प्रतिष्ठानों पर लगाने का आग्रह किया। दुकानदारों से संवाद के दौरान उन्हें स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने और वोकल फॉर लोकल अभियान को बढ़ावा देने की अपील किये। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, सुरेन्द्र कौशिक, महेन्द्र लोढ़ा, चेम्बर के प्रतिनिधि अशोक राठी सहित अनेक व्यापारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## वोकल फॉर लोकल अभियान को बढ़ावा देने की अपील



### भिलाई चेंबर ने 9 दिन 9 बाजार में पहुंचाया मोदी का उपहार



भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने उपभोक्ता का लाभ, व्यापारी का गर्व अभियान के अंतर्गत 9 दिन तक लगातार 9 बाजारों में जाकर व्यापारियों और उपभोक्ताओं तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीएसटी उपहार पहुँचाया। इस अभियान ने ग्राहकों और व्यापारियों के बीच विश्वास और सहयोग की नई नींव रखी।चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि इस अभियान से व्यापारियों में भरोसा और ग्राहकों में विश्वास की भावना और गहरी हुई। भिलाई चेम्बर का यह प्रयास विकसित भारत के निर्माण में व्यापारियों की अहम जिम्मेदारी को और मजबूत करता है। ऑनलाइन से नाता तोड़ो अपने बाजारों से नाता जोड़ो एवं जब हम बाजार जाएंगे समान स्वदेशी लाएंगे। अभियान में मनोहर कृष्णानी, सुनील मिश्रा, रितेश अग्रवाल, चिन्ना राव, शिव राज शर्मा व पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी।

## एआईसीसी के पर्यवेक्षक अजल कुमार लल्लू पहुंचे दुर्ग

# नए जिला अध्यक्ष से सीईसी करेगी सीधे संवाद टिकट वितरण के समय पूछेगी योग्य उम्मीदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में कांग्रेस के तीन जिला संगठनों के अध्यक्षों को लेकर कवायद शुरू हो गई है। शनिवार को इसे लेकर दावेदारों का रेला लगा। इन सबके बीच दुर्ग के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने भी अध्यक्ष बनने के लिए ताल ठोक दी है। उनके अलावा 31 अन्य लोगों ने भी फार्म लिया है। साथ ही पर्यवेक्षक के समक्ष अपनी बात रखी। दुर्ग ग्रामीण से वर्तमान अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भी दोबारा अध्यक्ष बनने की मंशा जाहिर की है। बता दें कि उन्हें अध्यक्ष बने महज 6 महीने ही गुजर हैं। इसके बाद नए अध्यक्षों का निर्वाचन किए जाने की घोषणा हो गई। दुर्ग ग्रामीण से राकेश ठाकुर के अलावा 7 लोगों ने दावेदारी की है। 12 और 13 अक्टूबर को दोनों जिला संगठनों के दावेदारों से चर्चा होनी है। इसके बाद पैनल तैयार कर पार्टी हाईकमान को भेजा जाएगा। इधर शनिवार को प्रदेश से बनाए गए सहायक पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व विधायक विक्रम मंडावी, पूर्व विधायक यूडी मिंज भी राजीव भवन पहुंचे। सभी दावेदारों ने अपने-अपने तरीके से पर्यवेक्षकों को रिझाने की कोशिश की। बता दें कि तीनों जिला अध्यक्षों का नए सिरे से निर्वाचन होना है। इसे देखते हुए पार्टी हाई कमान के निर्देश पर यह कवायद शुरू की गई है। संगठन चुनाव के पर्यवेक्षक अजय कुमार लल्लू ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर की मौजूदगी में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक भी ली, जिसमें पार्टी गाइडलाइन से अवगत कराया गया। बता दें कि इस बार जो अध्यक्ष बनेगा, टिकट वितरण के दौरान उनकी भूमिका अहम होगी, उनके विधानसभा क्षेत्र के लिए योग्य उम्मीदवार के लिए रायशुमारी होगी।

## पूर्व मेयर बाकलीवाल, ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने की दावेदारी





### दुर्ग शहर में अध्यक्ष चुनने को लेकर ज्यादा माथापच्ची

दुर्ग शहर में अध्यक्ष चुनने को लेकर ज्यादा माथापच्ची देखने को मिल रही है। पहले दिन ही 31 लोगों ने फार्म लिया है। धीरज बाकलीवाल के अलावा दीपक दुबे, पूर्व सभापति राजेश यादव, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, पूर्व एल्डरमैन रत्ना नारमदेव, कौशल किशोर सिंह, मोहित वाल्दे, जितेन्द्र तिवारी, विमल यादव, फिरोज खान, अय्यूब खान, राजकुमार पाली, आरएन वर्मा, प्रेमलता साहू सहित अन्य शामिल हैं। वहीं ग्रामीण से राकेश ठाकुर के अलावा झुमुक साहू, रिवेंद्र यादव, केशव बंटी हरमुख, रुपेश देशमुख, अमित यादव, नजरूल इस्लाम शामिल हैं।

### पर्यवेक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री का मालवीय नगर चौक में स्वागत, आज भिलाई में होगी बैठक

दुर्ग जिला कांग्रेस के बैनरतल पर्यवेक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मालवीय नगर चौक में स्वागत किया गया। इसके पहले कुम्हारी, भिलाई तीन, सिरसा गेट, पावर हाउस, घड़ी चौक, नेहरूनगर चौक में भी उनका स्वागत किया गया। मालवीय नगर चौक में प्रदेश सचिव अय्यूब खान के नेतृत्व में स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। 5 अक्टूबर को अजय कुमार लल्लू भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। बैठक होटल अमित पार्क नगर निगम ऑफिस के बाजू में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक मध्य होगी। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि पार्टी के सभी वरिष्ठजन और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### कार्यकर्ताओं से करेंगे चर्चा

पार्टी हाईकमान के निर्देश पर वे दुर्ग आए हैं। जिला अध्यक्षों के नामों पर रायशुमारी की जा रही है। तीनों जिला संगठनों की अलग-अलग बैठकें ली जानी है। लोकतांत्रिक तरीके से अध्यक्षों का चुनाव होगा। ब्लॉक और बूथ में जाकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की जाएगी। **-अजय कुमार लल्लू,**
केंद्रीय पर्यवेक्षक राष्ट्रीय कांग्रेस

# साख सहकारी की बैठक में प्रस्तुत किया आय-व्यय का ब्यौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

देव संस्कार साख सहकारी समिति सेक्टर 5 की 14वीं वार्षिक आमसभा सेक्टर 5 स्थित कार्यालय में संपन्न हुई।

सभा का शुभारंभ माता सरस्वती के तैल चित्र पर संचालक मण्डल के सदस्यों द्वारा फूल अर्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करने के उपरांत मां सरस्वती की स्तुति की गई। आमसभा में संस्था अध्यक्ष विपिन बिहारी मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2024-25 में 31 नये सदस्य बने। 1.70 लाख रुपए के अंशों का विक्रय हुआ। 18.91 लाख रुपए सावधि जमा एवं 9.71 लाख की आवर्ती जमा प्राप्त की गई। वर्ष 2024-25 में 36.44 लाख का ऋण वितरण किया गया। संस्था की कार्यशील पूंजी 1.18 करोड़ की रही। इसके बाद लाभ-हानि खाता, वित्तीय पत्रक एवं वर्ष 2025-26 का अनुमानित बजट पेश किया गया, जिसका अनुमोदन किया गया। सभा का संचालन गायत्री साहू ने किया। संस्था सदस्य रोशनी बेन, रेखा अग्रवाल, गीताबेन पटेल, जयता घोष, पूर्णिमा सोना, भावना चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

## जनदर्शन में आम जनता ठगा महसूस कर रही, शिकायतों का नहीं हो रहा निराकरण

**भिलाई।** प्रशासनिक व्यवस्था जनदर्शन की कार्यप्रणाली पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता व प्रवक्ता जावेद खान ने कहा कि हर सोमवार को कलेक्टर सभागार में दरबार लगता है, लोगों की शिकायतें ली जाती हैं। भरोसा दिलाया जाता है कि उनका निराकरण किया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।उन्होंने कहा कि जनदर्शन के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर टोकन जारी कर उसे संबंधित विभाग को भेज तो दिया जाता है, लेकिन अधिकांश मामलों में विभाग धरातल पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती। इसके साथ ही शिकायत को निराकृत भी बता दिया जाता है, इधर शिकायतकर्ता भटकते रहते हैं। कलेक्टर कार्यालय की ओर से कोई निगरानी होती है। वेबसाइट पर टोकन दर्ज करने पर क्षमा करें, विवरण उपलब्ध नहीं है जैसे संदेश नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि जब शिकायत का वास्तविक निराकरण किए बिना ही प्रकरण को जनदर्शन से विलोपित कर दिया जाता है, तो यह जनदर्शन की मूल भावना के साथ अन्याय है।

# सेवा सप्ताह में रक्तदान कर महादान का दिया संदेश, कहा - हेल्थ के लिए फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




लायंस क्लब ऑफ़ दुर्ग सिटी द्वारा 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह के दौरान क्लब द्वारा विभिन्न समाजसेवी एवं रचनात्मक कार्यों को मूर्तरुप दिया जाएगा। सेवा के श्रृंखला में लायंस क्लब ऑफ़ दुर्ग सिटी ने जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इस दौरान लायन जाफ़र सादाब, महमूद अली हिरानी,अमर सिंह गुप्ता, श्रुति तिवारी, कमलेश सिंह राजपूत के अलावा अन्य लोगों ने रक्तदान कर महादान का संदेश दिया। यह रक्त जररुतमंदों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा क्लब के सदस्यों ने अस्पताल के शिशु वार्ड में जाकर नवजात शिशुओं के परिजनों को आवश्यक उपयोगी किट्स भेंट की। पूरे कार्यक्रम में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. एके मिंज मुख्य अतिथि रहे। विशेष अतिथि के रुप में जिला अस्पताल जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि द्वारा लायंस क्लब ऑफ़ दुर्ग सिटी के सेवाभावी कार्यों की सराहना की गई। इस दौरान लायंस क्लब ऑफ़ दुर्ग सिटी की अध्यक्ष आकांक्षा मिश्रा तिवारी ने अतिथियों को क्लब के सेवाभावी गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में क्लब के सचिव हरमीत सिंह भाटिया, कोषाध्यक्ष अनीता तिवारी, सेवा सप्ताह संयोजक अमर सिंह गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी पीएमजेएफ सतीश सुराना, एसपी डुलाई, जफर शादाब, महमूद अली हिरानी आदि मौजूद रहे।



# गृहमंत्री अमित शाह का मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के बस्तर दशहरा कार्यक्रम हेतु जगदलपुर प्रस्थान से पूर्व रायपुर आगमन पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने एयरपोर्ट पर सौजन्य भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री शाह का छत्तीसगढ़ प्रवास पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अमित शाह का बस्तर आगमन प्रदेशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। बस्तर दशहरा, जो लोक आस्था और परंपरा का प्रतीक है, उसमें उनकी उपस्थिति प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के प्रति केंद्र सरकार की संवेदनशीलता और सम्मान को दर्शाती है।

# कफ सिरप बच्चों की सेहत के लिए हो सकता है हानिकारक, सप्लाई से पहले कराई जाए जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजस्थान में 2 बच्चों की कफ सिरप पीने के बाद हुई मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गया है। इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ में भी हलचल मच गई है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. अनिल अग्रवाल ने सवाल उठाए हैं।

- छग में भी सिरप के सैंपलों की जांच कराने का निर्णय

उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले सहित छत्तीसगढ़ में भी कफ सिरप की सरकारी सप्लाई के दौरान भी लापरवाही बरती जा रही है। ड्रग विभाग की जांच के बाद ही ऐसे कफ सिरप की सप्लाई होनी चाहिए। बता दें कि राजस्थान के घटनाक्रम के बाद कहा जा रहा है सीरप पीने के बाद किडनी के फेलियर से बच्चों ने दम तोड़ा। इधर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रारंभिक जांच के हवाले से कहा है कि सिरप में खतरनाक कंटेन्ट नहीं हैं।

उसने एडवायजरी जारी कर बच्चों को सिरप देने से पहले सावधानी बरतने कहा है। इसके बाद छत्तीसगढ़ में भी सिरप के सैंपलों की जांच कराई जाने का निर्णय लिया गया है। कफ सिरप के सैंपलों की जांच में पाया गया कि किसी भी सैंपल में डायएथिलीन ग्लाइकोल या एथिलीन ग्लाइकोल जैसे हानिकारक रसायन मौजूद नहीं थे। ये रसायन किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। बच्चों की मौत के मामले में एक केस में लेप्टोस्पायरोसिस मिला है। सभी कफ सिरप में खांसी दूर करने वाला डेक्सट्रोमेथॉर्फन हाइड्रोब्रोमाइड होता है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि बहुत ही आश्चर्य की बात है कि दवा कंपनी स्वास्थ्य विभाग को दवा सप्लाई कर देती है। ये दवा पूरे सरकारी अस्पतालों में बंट जाती है। 4 से 6 महीने बाद ये फरमान आता है कि अमुक दवा बैच नंबर मानक मापदंड के अनुरूप नहीं है। उसे लौटा दिया जाए। सवाल ये है कि उक्त अमानक दवा बंट चुकी होती है, उसके दुष्प्रभाव मरीजों को हो चुका होता है। उसकी जवाबदेही किसकी है। कैसी ऐसी दवा को ड्रग कंट्रोलर पास कर देते हैं। उन्होंने कहा कि पहले जांच की जाए, फिर दवा की सप्लाई हो।

# एआई को लेकर हर वर्ग को अवेयर करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय संस्था इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग भिलाई चेप्टर की वार्षिक आम सभा भिलाई निवास के सभागार में हुई।

आमसभा में भिलाई चेप्टर के चेयरमैन के. पटेल, वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन, सेक्रेटरी अवनीश दुबे, विवेक गुप्ता एक्स चेयरमैन एचके देसाई प्रमुख रूप से उपस्थित थे। के. पटेल ने कहा कि हम अपने रचनात्मक गतिविधियों से भिलाई चेप्टर को देश में मॉडल चेप्टर बनाने का प्रयास करना है। उन्होंने नई सोच-नया दौर का नारा देते हुए इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक का उपयोग समाज की बेहतरी के लिए करने पर जोर दिया। वाइस चेयरमैन घनश्याम देवांगन ने इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग के महत्व को प्रतिपादित करते हुए भिलाई चेप्टर की आगामी गतिविधियों एवं योजनाओं की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक के जरिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग उद्योगों के साथ ही बच्चों, महिलाओं एवं आम नागरिकों के हित में उनके बहुआयामी विकास हेतु करने की अपील की।





**स्कूल, कॉलेज में कैम्प चलाने चैप्टर गठन का निर्णयः** आमसभा में इंस्टीट्यूशन के नेशनल चेयरमैन डॉ. एवीवी प्रसादा राजू एवं नेशनल सेक्रेटरी योगेश एस. दीपनायक के प्रेषित संदेशों का वाचन किया गया। इस अवसर पर भिलाई चेप्टर का लोगो भी जारी किया गया । आम सभा में संस्था के ट्रेजरार विवेक गुप्ता द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के ऑडिटेड लेखा को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सेक्रेटरी अवनिश दुबे ने प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारियां शेयर की।

### कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ सदस्यों को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य ए. सी. दास का सम्मान किया गया। उपस्थित सदस्यों ने संस्था के बेहतरी के लिए अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने संस्था के वरिष्ठ इंजीनियरों के इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अर्जित अनुभवों को साझा करने एवं नए नए आइडिया का उपयोग करने पर बल दिया। आम सभा में एक्जीक्यूटिव कमेटी मेंबर एएम रवानी, व्हीके सिंह, एसके डोगरा, बीके सराफ, जेसी रे, केके गुप्ता, सुशील हरिरमानी, आरएल ढीढी, संतोष अग्रवाल, सत्यनाथ साहूकार, बीडी थारकन आदि सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक का संचालन विवेक गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन अवनिश दुबे ने किया।

### स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. पाणिग्रही हुए सम्मानित

दुर्ग। गांधी जयंती, स्वच्छता ही सेवा, सेवा पखवाड़ा समापन के अवसर पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा गांधी जयंती एवं स्वच्छता सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन मंत्री गजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। स्वच्छता दीदी, सफाई मित्रों के सम्मान की कड़ी में स्वच्छता कार्यों में निस्वार्थ सेवा कार्य करने वाले स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के हाथों प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा उपस्थित थे। डॉ. पाणिग्राही स्वच्छ भारत अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के आव्हान 15 अगस्त 2014 से जुड़े हैं। अभी भी स्वच्छता अभियान में निरंतरता बनी हुई है।

पेज 9 का शेष

### मातृ एवं शिशु ...

से धरातल स्तर पर व्याप्त समस्या की जानकारी ली। उन्होंने उन्हें पूर्ण क्षमता से कार्य कर प्रदर्शन सुधारने के निर्देश दिए। इसके अलावा, कलेक्टर ने सिकल सेल जाँच पर विशेष ध्यान देते हुए सभी ग्राम पंचायत स्तर पर सघन प्रचार-प्रसार व जागरूकता लाने के लिए बीएमओ को निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम नवागढ़ व साजा (दिव्या पोटई, हर्षलता वर्मा), सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर, सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी एल राज, डीपीएम सुश्री लता बंजारे, जिला चिकित्सालय अस्पताल कोऑर्डिनेटर डॉ. स्वाति यदु सहित सभी नोडल अधिकारी, बीएमओ और बीपीएम उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH

## 15 वर्षों से आपकी सेवा में


प्रतिक्षा कक्ष









प्रतिक्षा कक्ष


परामर्श कक्ष


पूजा स्थान



# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**

## खबर संक्षेप

### कॉलेज की व्यवस्था पर चर्चा

**अंबागढ़ चौकी।** लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय के प्राचार्य केआर मंडावी एवं प्रो जयराम परतेती के साथ बैठक कर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी ने कालेज की व्यवस्था, अध्ययन सुविधा पर विचार विमर्श किया। उन्होंने शिक्षा, खेल, एनसीसी सुविधा का अवलोकन किया। प्राचार्य मंडावी एवं परतेती ने बताया कि जनभागीदारी समिति के माध्यम से जो कार्य महाविद्यालय विकास के लिए होता है और शिक्षा की सहज सुविधा उपलब्ध होती है, वह जनभागीदारी समिति नहीं होने से स्थगित है। उन्होंने जल्द जनभागीदारी समिति का गठन करवाने कहा। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, राजू खंडेलवाल, ईश्वरी धुर्वे, पार्षद दिलीप कुंभकार, कविता यादव शामिल हुए।

### वृद्धाश्रम की मीना ने दिया अंग्रेजी में भाषण

**डोंगरगढ़।** जीवन आनंद वृद्धाश्रम बछेराभाटा को समाज कल्याण विभाग ने एक कार्यक्रम में आंमत्रित किया। योग शिक्षिका मंजू धनकर के नेतृत्व में आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिक गांधी सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय मुख्य अतिथि थे। समारोह में वृद्धाश्रम बछेराभाटा में निवासरत मीना दुबे ने फर्राटेदार अंग्रेजी में भाषण दिया। पुराने दर्दभरे गीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगाया।

### कॉलेज में जीएसटी सुधार पर परिचर्चा

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग ने जीएसटी सुधार का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया। अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डां आरआर कोचे ने परिचर्चा की प्रासंगिकता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जुलाई 2017 से आरंभ होने के 8 साल बाद जीएसटी पर दूसरे चरण में जीएसटी कर के स्लैब को चार स्तर से घटाकर दो स्तरीय किया गया है। जीएसटी कर स्लेब में खाने पीने की 90 प्रतिशत वस्तुओं को टेक्स मुक्त कर दिया गया है। चांवल, दाल, आटा के अलावा दूध को शुन्य कर तथा दवाईयां, कपड़ो पर कर की दर 5 प्रतिशत किया गया है। स्नातकोत्तर की छात्रा करीना डोंगरे ने जीएसटी के वर्तमान स्वरूप को अर्थव्यवस्था में गति देने के लिए प्रभावी बताया। अंत में अतिथि व्याख्याता मनीषा भेडिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### महात्मा गांधी को किया नमन

**डोंगरगढ़।** शहर भाजपा ने गांधी जी की 156 वीं जयंती के मौके पर गोल बाजार स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हे नमन किया। इस दौरान रामजी भारती, शशिकांत द्विवेदी, सुरेंद्रसिंह बन्नोआना, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, जसमीत सिंह, ज्योति बड़वाईक, लक्ष्मी यादव, विनय बंसल, विनीत यादव, अलका सहारे, कैलाश सोनवानी, भागवत नामदेव, मनोज गुप्ता, द्वारका शर्मा, हरीश मोटघरे, रेखा राघोतरे, शिवांगी साखरे, रतन कोसे, लोकेश इंदुलकर, मीना यादव, पूजा उज्जवने, मुकुंद कंडरा, आकाश राजपूत, अजय शर्मा, रूपेंद्र इंदुलकर आदि मौजूद थे।

### साइंस कॉलेज में ओजोन संरक्षण दिवस आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 16 सितंबर को प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। डॉ. उमरे ने कहा कि ऑक्सीजन के तीन परमाणुओं से बने आजोन पृथ्वी के वायुमंडल में 10-12 किमी की दूरी पर पतली परत है, जो सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी में आने से रोकती है। सहा.प्रा. डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि ओजोन क्षरण के प्रमुख कारणों में मानव निर्मित क्लोरोफ्लोरो कार्बन तथा हेलोन्स गैसे व नौसेना के सुपरसोनिक जेट विमान है। डॉ. एके झा ने कहा कि ओजोन क्षरण से हो रहे खतरों से अवगत कराने व जागरूकता फैलाने 16 सितंबर 1995 को संयुक्त राज्य महासभा की पहल पर माट्रियल प्रोटोकाल को 191 देशों ने स्वीकृती दी थी। इसी की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है।

---

**प्रेसवार्ता : कांग्रेस ने ली प्रेसवार्ता, कहा- भाजपा की राजनीतिक साजिश का पर्दाफाश**

# बिरमपुर कांड पर भाजपा नेता मांगें माफी : उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कांग्रेस ने प्रेसवार्ता में बिरनपुर हत्याकांड पर भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा ने इस घटना को सांप्रदायिक और जातीय रंग देकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया था। सीबीआई की चार्जशीट में यह बात सामने आई है कि इस घटना में कोई राजनीतिक षड्यंत्र नहीं था, बल्कि यह एक मामूली झगड़ा था जो खूनी रूप ले लिया। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा ने इस घटना को सांप्रदायिक और जातीय रंग देकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया था। कांग्रेस ने भाजपा की निंदा करते हुए कहा है कि भाजपा की राजनीतिक साजिश का पर्दाफाश हो गया है भाजपा प्रदेश की जनता से माफी मांगने की मांग रखी।

रविवार प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा की मौजूदगी पर कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता लेते हुए पत्रकारों से कहा कि इस मामले में भाजपा नेताओं को जनता से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि स बिरमपुर की घटना कोई राजनीतिक नहीं था। श्री उपाध्याय ने कहा कि 8 अप्रैल 2023 जिले के साजा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम बिरमपुर में दो व्यक्तियों के बीच की घटना के पश्चात प्रदेश और देश के वातावरण में एक विशेष विचारधारा तौर पर बांटने की कोशिश की गई किंतु सीबीआई की रिपोर्ट ने सब कुछ स्पष्ट है कर दिया। कांग्रेस पहले से कह रही थी कि बिरमपुर में दो बच्चों की लड़ाई हुई थी जो दो परिवार का बना बाद में दो समाज तक पहुंच गया था। भाजपा ने जनता को गुमराह कर झूठ फैलाया क्योंकि उस वक्त छत्तीसगढ़ में विधानसभा का चुनाव का समय था तब भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं ने बिरमपुर कांड को बहुत जोर जोर से उठाया और राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया गया इस मामले में राजनीतिक षड्यंत्र रचा गया है पर सीबीआई ने इस मामले में बहुत स्पष्ट और साफ रूप से अपनी रिपोर्ट पेश कर दी ।

उन्होंने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि भाजपा ने इस घटना को सांप्रदायिक और जातीय रंग देकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया था। तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने घटना स्थल पर जाकर भड़काऊ भाषण दिए जिससे आगजनी घटना हुई और दो लोगों की हत्या हुई। श्री उपाध्याय ने आरोप लगाया कि भाजपा ने इस घटना को चुनावी मुद्दा बनाकर पूरे प्रदेश में माहौल को प्रभावित किया और वोटों के ध्रुवीकरण का प्रयास किया। अरुण साव को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

### भाजपा ने रची थी राजनीतिक साजिश

कांग्रेस ने प्रेसवार्ता में भाजपा पर राजनैतिक साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने एक समाज को कांग्रेस के खिलाफ जहां भड़काया वही भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान पूरे प्रदेश में इस झगड़े को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया।

प्रधानमंत्री मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी चुनावी सभा में दुर्भाग्य जनक घटना को धार्मिक और जातीय झगड़े से जोड़ के प्रस्तुत किया । भाजपा ने मृतक भुनेश्वर के पिता ईश्वर साहू को टिकट देकर सहानुभूति बटोरने की साजिश किए परंतु सीबीआई की जांच यह भी साफ हो गया है कि उस समय कांग्रेस की सरकार ने घटना के लिए जिम्मेदार मानकर जिन लोगों की गिरफ्तारियां की वह सही थी। भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण का झूठा और मनगढ़ंत आरोप लगाकर राजनीतिक लाभ लेने ध्रुवीकरण के लिए गलत बयानी किए थे।

ईश्वर साहू भी अपने बयानों में जिस व्यक्ति अंजोर यदु पर आरोप लगाते थे उसे भी सीबीआई ने दोषी नहीं माना है सीबीआई की चार्ज शीट में इसका कोई उल्लेख नहीं है इससे साफ है कि बीरनपुर मामला भाजपा की सोची समझी साजिश थी भाजपा के इस षड्यंत्र का कांग्रेस को राजनीतिक रूप से नुकसान हुआ सीबीआई की चार्ज शीट के बाद तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान उपमुख्यमंत्री अरुण साव में जरा भी नैतिकता हो तो अपने पद से त्यागपत्र देकर छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने गैर जिम्मेदाराना भाषण के लिए छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगे।

### लोगों में फूट डालने का काम भाजपा कर रही है

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा भाजपा जब चुनाव आता है और उसे अपनी हार दिखाई देने लगती है तो भाजपा अपना असली चरित्र दिखाते हुए जाति पाति, धर्म, पंथ के नाम पर लोगों को लड़ा कर एक माहौल बनाती है लोगों में फूड डालने का काम भाजपा के द्वारा किया जाता है और भाजपा अपने इस काम में छत्तीसगढ़ में और विशेष कर बिरनपुर हत्याकांड को सांप्रदायिक दंगा बताने में सफल भी रही जिसका उसने वोट के रूप में ध्रुवीकरण किया । भाजपा के लिए एक व्यक्ति की जान की कीमत पर अगर वोट मिलता है तो भाजपा उसे लेने में पीछे हटने वाली नहीं है यही कार्य भाजपा ने किया । उन्होंने कहा साजा विधानसभा प्रारंभ से ही चौबे परिवार से जुड़ा हुआ विधानसभा है छत्तीसगढ़ के सबसे शांत विधानसभा क्षेत्र में से एक है। रविंद्र चौबे कोई एक या दो बार की विधायक नहीं आठ बार विधायक बन चुके हैं इससे पूर्व उनके माता-पिता तथा बड़े भाई भी साजा विधानसभा क्षेत्र का नेतृत्व कर चुके हैं पूरे विधानसभा क्षेत्र के एक-एक परिवार से उनका घर का संबंध है ऐसा नहीं कि उन्हें इस घटना पर दुख नहीं हुआ दुख हुआ किंतु वे इस मामले में राजनीति में शामिल नहीं करना चाहते थे जो गिरी हुई हरकत भाजपा ने की है जांच में पूरी तरह से स्पष्ट हो चुका है कि किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता का इस घटना से कोई लेना-देना नहीं रहा है एक परिवार के ऊपर वज्रपात हुआ है और उसके हत्या पर राजनीति करने का कार्य भाजपा के द्वारा किया गया है। प्रेस वार्ता में अवनीश राघव, सुरेंद्र तिवारी, टीआर जनार्दन, दिनेश पटेल, हरीश साहू, प्रांजल तिवारी, सनत धर दीवान, विजय बघेल, जावेद खान, दिनेश जोशी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर, उनका सम्मान करना युवा पीढ़ी का कर्तव्य: अधिवक्ता संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

- वृद्ध जनों को साल और श्रीफल भेंट कर किया गया



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार बेमेतरा जिले में तेंदू भाटा पंचायत के सभागार मैं वृद्ध जनों को साल एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान वहां पर उपस्थित अधिवक्ता संघ साजा के अध्यक्ष मूलचंद शर्मा ने वेद जनों का सम्मान करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर और पूंजी है जिनके मार्ग निर्देशन में समाज सही दिशा में कार्यकर्ता है। आज की युवा पीढ़ी को वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना चाहिए बिना वरिष्ठ जनों के समाज अधूरा रहता है बुजुर्गों से हमें असीमित अनुभव प्राप्त होता है। नई पीढ़ी को सभ्यता संस्कृति नैतिकता सदाचारी परोपकार जैसे उच्च मानवी मूल्य की शिक्षा प्राप्त होती इस आयोजन में वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज शर्मा सरपंच पुरुषोत्तम तिवारी अधिवक्ता मां घोगरे सहित ग्राम के प्रबुद्ध जन नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन विधिक साक्षरता प्रभारी नागेश सिंह द्वारा किया गया।

### आतिशबाजी के साथ रावण पुतले का दहन

**अंबागढ़ चौकी।** शहर में विजयदशमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। दशहरा उत्सव समिति द्वारा कालेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू थी। अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी उपस्थित थे। आरंभ में ढाई घंटे तक गोपलीनचुवा की प्रख्यात रामधुनी मंडली ने रामलीला का मंचन किया। रामलीला के बाद कालेज ग्राउण्ड में आंधे घंटे तक मनमोहक आतिशबाजी किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक छन्नी साहू एवं नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि रावण सबसे बडा ज्ञानी और शक्तिशाली था किन्तु उसका अंहकार एवं आसुरी विकार पतन की वजह बने। विजयादशमी पर्व यह संदेश देता है की हमे मन में बसे अहंकार, आसुरी प्रवृत्ति, क्रोध, लोभ मोह, माया को मारना चाहिए। इस दौरान पार्षद विनोद डेहरिया, शंकर निषाद, शमीमुद्दीन कुरैशी, बिट्टु रब्बानी, डीके पेंटर, मनीष बंसोड, ईश्वर देशमुख सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए मटिया तालाब किनारे रोपे गए कदम व रुद्राक्ष के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

- पौधारोपण से धरा पर छाएगी हरियाली, जीवन में आएगी खुशहाली



पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। पर्यावरण के प्रति हमेशा जागरूक रहने वाले अजय वर्मा अपनी टीम के साथ मटिया स्थित तालाब किनारे कदम व रुद्राक्ष के 20 पौधे लगाए। पर्यावरण प्रेमी अजय वर्मा ने कहा कि धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। पौधरोपण सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ्य है। पौधे जब बड़े होते हैं तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए आक्सीजन देते हैं। वहीं दुर्ग निवासी संतोष वर्मा ने कहा कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर केशव साहू, सुंदर साहू, फत्ते वर्मा, सोनू वर्मा, परमानंद साहू, श्रीराम साहू, प्रेमलाल निषाद, मुकेश यादव उपस्थित थे।

---

# शरद पूर्णिमा, करवा चौथ और पुष्य नक्षत्र में उत्तम फलदायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- शरद पूर्णिमा : चांदनी में रखी खीर से मिलेगा स्वास्थ्य और सौभाग्य



अक्टूबर का पहला पखवाड़ा धार्मिक आस्था और पारिवारिक उल्लास से सराबोर रहेगा। आज शरद पूर्णिमा, 10 अक्टूबर करवा चौथ और 14 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र के शुभ संयोग के साथ शहर में त्योहारों की रौनक चरम पर पहुंचेगी। जहां शरद पूर्णिमा की रात खीर को अमृतमय चांदनी में रखने की परंपरा निभाई जाएगी, वहीं करवा चौथ पर सुहागिनें अखंड सौभाग्य की कामना करेंगी। पुष्य नक्षत्र पर खरीदारी को लेकर बाजारों में भीड़ उमड़ेगी। पिछले दिनों नवरात्र से हो रही बारिश में से बाजार की रंगत थोड़ी फीकी हुई है। लेकिन व्यापारियों का कहना है कि दो-चार दिनों में एक बार फिर से बाजारों में रौनक बढ़ेगी। दिवाली से कुछ दिन पहले पड़ने वाला पुष्य नक्षत्र 14 अक्टूबर को सुबह 11 बजकर 54 मिनट से शुरू होकर 15 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे तक रहेगा। पुष्य नक्षत्र साल 2025 के सबसे शुभ नक्षत्रों में से एक है और इस दौरान सोना, चांदी, वाहन और अन्य महत्वपूर्ण चीजें खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। जिसके लिए बाजारों में विशेष ऑफर और डिस्काउंट की तैयारी है।

**आज शरद पूर्णिमा पर बरसेगा अमृत:** सोमवार को मनाये जाने वाले शरद पूर्णिमा पर आसमान से अमृत बरसेगा। इस दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से पृथ्वी पर अमृत बरसाता है। मान्यता है कि रात में चांदनी में रखी खीर का सेवन करने से स्वास्थ्य लाभ और सौभाग्य प्राप्त होता है। पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर सुबह 7 बजकर 48 मिनट से शुरू होकर 7 अक्टूबर सुबह 6 बजकर 15 मिनट तक रहेगी। रात में चंद्रोदय के बाद से मध्यरात्रि तक खीर रखने का शुभ समय है।

### करवा चौथ 10 को महिलाएं उत्साहित

10 अक्टूबर को महिलाओं का प्रिय पर्व करवाचौथ मनाया जायेगा। इस दिन विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी आयु की कामना और अविवाहित सुयोग्य वर की कामना के साथ व्रत रखेगी। शाम को श्रृंगार कर पूजन और कथा के बाद चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोला जायेगा। पूजन मुहूर्त शाम 5 बजकर 44 मिनट से 7 बजे तक और चंद्रोदय समय रात 8 बजकर 10 मिनट तक रहेगा।

# सिक्ख समाज संगठन के सदस्यों ने मरीजों को फलों का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व 8 अक्टूबर मनाया जाएगा। प्रकाश पर्व के पूर्व जिला शासकीय हॉस्पिटल में छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज संगठन के सदस्यों ने मरीजों के बीच जाकर फलों का वितरण उनके स्वास्थ्य एवं खुशहाली के लिए अरदास किए। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के जिला अध्यक्ष हरदीप सिंघ राजा छाबड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व आगामी 8 अक्टूबर मनाया जाएगा वे सिख पंथ के चौथे गुरु हैं,उन्होंने अपनी शिक्षाओं में प्रेम, भाईचारे और सेवा का संदेश दिया। उनके प्रकाश पर्व के पूर्व छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।हरदीप राजा छाबड़ा ने बताया कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, अगर हम सब गुरु रामदास साहिब के बताए नम्रता, सेवा, के मार्ग पर चलकर सबकुछ हासिल कर सकते हैं।

इस दौरान सिख समाज के पदधिकारियों एवं संगत ने सेवा भावना में बढ़-चढ़कर भाग लिया जिनमें समाज सेवक इंदर सिंघ दत्ता, सुरेन्द्र सिंह, सोनू गुंबर, प्रिंस दत्ता, राजा सचदेव, गुरप्रीत कौर, शैली छाबड़ा, गुरप्रीत सिंग, अंशु बग्गा, यश सिंग सलूजा, लक्की सिंग, रणजीत सिंग शामिल थे।

---

**एआईटीटी परीक्षा में प्रदेश से पूरे देश में प्रथम स्थान आई**

# जिले की होनहार बेटी उमा बारले पीएम मोदी के हाथों हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित चौथे कॉशन दीक्षांत सम्मारोह में किया सम्मानित



ब्लॉक बेरला के ग्राम पंचायत बांसा रहने वाली एवं स्टेनोग्राफी एंड सेक्रेट्रीयल असिस्टेंट हिंदी ट्रेड की प्रशिक्षणार्थी उमा बारले अखिल भारतीय परीक्षा में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 अक्टूबर उन्हें सम्मानित कर उमा के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिए । गौरतलब है कि परीक्षा परिणाम 24 सितम्बर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 35 प्रशिक्षणार्थीयों की सूची जारी की गई। वही छत्तीसगढ़ राज्य से इस सूची में स्थान बनाने वाली इकलौती प्रशिक्षणार्थी उमा बारले है और अपने ट्रेड में देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य सहित अपने माता पिता और गुरुजनों के सहित विद्यालय के नाम रौशन किया गया। जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित चौथे कॉशन दीक्षांत सम्मारोह में सम्मानित किया गया। इस दौरान उमा बारले ने अपनी संपूर्ण सफलता का श्रेय कौशल विकास के प्रति समर्पण और उन्नत प्रशिक्षण को दिया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सफलता का जुनून और लगन से भिलाई के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की छात्रा उमा बारले ने स्टेनो की परीक्षा में यह ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उमा बारले ने कहा मेरे अंदर जुनून था कि मुझे अच्छे नंबरों के साथ स्टेनो की परीक्षा पास करनी है। वही मेरी मेहनत रंग लाई और मेरी सफलता पर पीएम मोदी ने भी बधाई दी है। यह मेरे लिए बहुत गर्व का क्षण है। संस्थान के शिक्षकों ने भी उमा की इस सफलता पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि उमा बारले हमेशा से एक लगनशील छात्रा रही हैं और उनका नेशनल लेवल पर टॉप करना पूरे संस्थान के लिए गौरव की बात है। बारले ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह साबित कर दिया है कि लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ बेरला-भिलाई क्षेत्र के युवाओं के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। बेरला और भिलाई के निवासियों व क्षेत्रवासियों की ओर से उमा बारले को इस शानदार उपलब्धि पर ढेरों बधाईयाँ दी गयी है।

